





# संतान नहीं हुई तो दम्पत्ति ने पेड़ लगाकर बना लिया हरा-भरा परिवार

## 105 एकड़ भूमि में लगाए पेड़, 35 वर्ष में तैयार हो गए दस हजार से अधिक वृक्ष, बच्चों की तरह पाला पेड़ों को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, जिले के तराई क्षेत्र में एक दम्पत्ति ने ऐसा संकल्प लिया कि 100 एकड़ की बंजर भूमि को जंगल में तब्दील कर दिया. आज कई वन्य प्राणी और पक्षियों का यह जंगल घर बन चुका है. जो काम वन विभाग करोड़ो रूपया खर्च करके नही कर पाया उसे एक दम्पत्ति ने अपने अदम्य साहस से कर दिखाया. 35 सालो की कड़ी मेहनत से जंगल खड़ा कर दिया.**

दरअसल संतान सुख न मिलने का दर्द जहां कई लोगों को निराशा की ओर ले जाता है, वहीं रीवा जिले के डभौरा क्षेत्र स्थित धुरकुच गांव के दीनानाथ कोल और उनकी पत्नी ननकी देवी ने इस पीड़ा को समाज और प्रकृति के लिए प्रेरणा में बदल दिया.



संतान न होने पर इस दंपती ने पेड़ों को ही अपना परिवार मान लिया और करीब 35 वर्षों की अथक मेहनत से 10 हजार से अधिक पौधे रोपकर 105 एकड़ बंजर भूमि को घने जंगल में तब्दील कर दिया.एक समय जो भूमि वीरान, पथरीली और सूखी हुआ करती थी, आज वहां हरियाली की चादर बिछी हुई है. आम, आंवला, अमरूद, बेर, पीपल, बरगद, जामुन सहित अनेक फलदार और औषधीय वृक्षों से सजा यह जंगल अब क्षेत्र के पर्यावरण और वन्यजीवों के लिए जीवनदायिनी धरोहर बन चुका है.दीनानाथ कोल बताते हैं कि वर्ष 1990 में एक कार्यक्रम से लौटते समय उन्होंने रास्ते में फेंकी गई आम की गुठलियां एकत्र कीं और बंजर भूमि में बो दीं. कुछ पौधे नष्ट हुए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी. धीरे-धीरे यह प्रयास एक विशाल जंगल का रूप लेता गया. उन्होने बताया कि शादी के कई वर्षों बाद भी संतान नहीं हुई तो लोगों के ताने सुनने पड़े.

इसी दौरान पत्नी ननकी देवी ने कहा कि यदि बच्चे नहीं हैं तो ऐसा काम करें जिससे समाज में पहचान बने. इसके बाद दोनों ने पौधे लगाने का संकल्प लिया और जीवनभर उसी में जुट गए. आज यहा के जंगल बेहद खूबसूरत और हरा भरा है.

### पेड़ों को ही अपनी संतान मान लिया

पर्यावरण प्रेमी दीनानाथ कोल बताते है कि मेरी कोई संतान नहीं है, इसलिए मैंने इन पेड़ों को ही अपनी संतान मान लिया. इन्हीं की सेवा और देखभाल में मेरा पूरा जीवन बीत गया. शुरू में कई तरह की दिक्कते थी, पहले वन विभाग ने भी विरोध किया और पेड़ लगाने से मना किया. लेकिन हमने हार नही मारी, आज हरे-भरे वृक्षो को देख कर मन में बेहद खुशी होती है. उन्होने बताया कि कोई भी काम कठिन नही होता बस उसे करने की इच्छा और संकल्प होनी चाहिये. हम और हमारी पत्नी ने इन वृक्षो को संतान की तरह पाला है. थोड़ी कठिनाई हुई, दिक्कते आई लेकिन हम लोगो ने कभी भी हार नही मारी निरंतर सेवा में लगे रहे.

### अब जंगल में गूंजती है जीवन की आवाज

दंपती के प्रेम और समर्पण से तैयार हुए इस 'प्रेम वन' में आज मोर, हिरण, नीलगाय, खरगोश और अनेक पक्षियों का बसेरा है. पक्षियों की चहचहाहट और हरियाली के बीच दीनानाथ और ननकी देवी को अपने जीवन की सबसे बड़ी खुशी मिलती है.जंगल को बचाने के लिए उन्होंने अपने प्रयासों से कुआं खुदवाया, लेकिन उसे अतिक्रमण बताकर पाट दिया गया. पानी की कमी से कई पौधे सूख गए, फिर भी दंपती ने हार नहीं मानी. आज भी नलकूप की स्वीकृति मिलने के बावजूद उसका खनन नहीं हो पाया है.

# पत्नी का उपचार कराने जा रहे पति को आया हार्ट अटैक, अस्पताल पहुंचते ही मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, सतना से पत्नी का उपचार कराने रीवा आ रहे पति की हार्ट अटैक से मौत हो गई. बताया गया कि पति अपनी पत्नी का उपचार कराने घर से निकला था. दोनों एक साथ अस्पताल जा रहे थे तभी रास्ते में अचानक पति के सीने में दर्द उठा, जिसे आनन फानन में अस्पताल लाया गया जहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.**

हालाकि मौत की अधिकृत रूप से पुष्टि नहीं होने की वजह से आशंकाओं के चलते शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. दरअसल यह मामला आज रीवा के संजय गांधी में सामने आया है. घटना के संबंध मे मृतक के जीजा ने बताया कि सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र ग्राम खोखम निवासी पुष्पेंद्र सिंह बीमार पत्नी सीमा सिंह का उपचार कराने घर से निकले थे. दोनों गांव से रीवा आ रहे थे, तभी रीवा स्थित चोरहटा के समीप पुष्पेंद्र सिंह के सीने में अचानक से असहनीय दर्द उठा और उनके हाथ पैर ढीले पड गए. पति की हालत को देख बीमार पत्नी किसी तरह पति को लेकर संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां परीक्षण के दौरान ही चिकित्सकों ने म्रत घोसित कर दिया. हालाकि मौत के कारणों की अधिक्रत पुष्टि ना होने के चलते अब शव का पीएम कराया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह साफ हो सकेगी. फिलहाल इस असमायिक घटना में हुई शख्स की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड टूट पडा है और परिजनों का हाल बेहाल है.

# पुराने विवाद को लेकर भाई पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, पुराने विवाद के चलते छोटे भाई ने अपने बड़े भाई पर कट्टे से फायर कर दिया. गनीमत रही गोली घर के गेट में जा लगी.**

घटना के बाद आरोपी हांथ में कट्टा लेकर अपने बड़े भाई के परिवार को धमकाता हुआ फरार हो गया. रीवा जिले के जवा थाना क्षेत्र के बरौली गांव निवासी रामायण प्रसाद पाण्डेय सोमवार को अपने घर में थे.दोपहर उनका छोटा भाई रामसखा पाण्डेय उम्र 47 वर्ष अपने दो साथियों के साथ कार में सवार होकर पहुंचा आरोपी ने अपने बड़े भाई के घर के सामने गाड़ी रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी. इस दौरान बड़े भाई ने उसको समझाबुझाकर शांत करवाने का प्रयास किया जिस पर आरोपी ने कट्टा निकाल लिया. बड़े भाई ने छोटे भाई के इरादों को भांपकर उन्होंने दरवाजा बंद कर लिया था जिस पर गोली दरवाजे से टकरा गई. आरोपी खुलेआम अपने भाई के परिवार को धमकाता रहा. जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी उनकी गाड़ी को टक्कर मारते हुए भाग दिया. बाद में पुलिस ने कार को रोक लिया जिसमें सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों के पास से कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है. पकड़े गए आरोपियों में रामसखा पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय 38 वर्ष निवासी गड़रिया थाना बिछिया, अभय द्विवेदी 31 वर्ष निवासी चुरहट जिला सीधी शामिल है. पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया.

# ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 तक

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 17 जून, जिले की शासकीय आईटीआई मऊगंज, नईगढ़ी एवं हनुमना में नवीन सत्र के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है.**

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि संभागीय आईटीआई के विभिन्न व्यावसायिक कोर्सेज में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदक अब ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट डीएसडी डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं. इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है. संस्था में संचालित विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी व्यवसायों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं अथवा 10वीं उत्तीर्ण रखी गई है.

### बाइक से गिरी महिला की उपचार के दौरान मौत

लौर थाना क्षेत्र में चलती बाइक से एक महिला के गिर जाने के कारण मौत हो गई. बताया जा रहा है कि महिला अपने ससुराल सीतापुर से बैकुंठपुर की ओर जा रही थी. घाट के संबंध में मृतिका कृष्णा देवी कोल के ससुर ने बताया कि 14 जून की सुबह तकरीबन 11 बजे उनकी बहू बाइक से गांव के एक युवक के साथ मायके के लिए निकली थी, और सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई. स्थानीय लोगों का कहना है कि बाइक अचानक ब्रेकर में कूदने के कारण महिला गिरी थी जिसके सिर के पीछे गंभीर चोट आने के बाद उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया था. संजय गांधी अस्पताल में चल रहे उपचार के दौरान बीती रात महिला ने दम तोड़ दिया. सिर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला की स्थित बेहद गंभीर हो गई थी.

## संक्षिप्त

### अघोषित कटौती और भारी बिल से किसान परेशान : मंगू



**रीवा,** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने प्रदेश की मोहन सरकार पर बिजली व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि करोड़ों रुपये खर्च कर किए गए केवलीकरण कार्य के बावजूद प्रदेश में बिजली आपूर्ति की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है. थोड़ी सी बारिश और तेज हवा चलते ही घंटों बिजली गुल हो जाती है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उपभोक्ता दिन-रात बिजली आने-जाने की समस्या से जूझ रहे हैं. घरेलू कामकाज, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है, लेकिन सरकार और विद्युत विभाग समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं. कांग्रेस नेता श्री मंगू ने कहा कि सरकार लगातार बिजली व्यवस्था में सुधार के दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है. यदि केवलीकरण और विद्युत सुधार कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं तो फिर मामूली मौसम परिवर्तन के दौरान बिजली आपूर्ति क्यों ठप हो जाती है. इससे स्पष्ट है कि सरकार के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं.

### कृषि उत्पादन आयुक्त 25 को करेंगे समीक्षा

**रीवा,** कृषि उत्पादन आयुक्त कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में 25 जून को आयोजित बैठक में कृषि विकास की समीक्षा करेंगे. बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता विभाग एवं इनसे जुड़ी संस्थाओं की समीक्षा की जाएगी. बैठक में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक पशुपालन, डेयरी विकास विभाग, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबद्ध विभागों की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी. बैठक में रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा संबंधित विभागों के संभागीय और जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे. बैठक में रबी फसल 2025-26 की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल 2026 की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी.

### उद्यानिकी किसानों की दो दिवसीय कार्यशाला आज से

**रीवा,** उद्यानिकी से जुड़े किसानों की दो दिवसीय कार्यशाला 18 से 19 जून तक सहायक संचालक उद्यानिकी कार्यालय रीवा में आयोजित की जा रही है. इस संबंध में सहायक संचालक सुश्री दीक्षा ने बताया कि कार्यशाला मं किसानों को उद्यानिकी की उन्नत फसलों, फल तोड़ने के बाद फसल प्रबंधन, जल प्रबंधन तथा संरक्षित खेती की विस्तार से जानकारी दी जाएगी. कार्यशाला में उद्यानिकी फसलों के प्रसंस्करण एवं विपणन की भी जानकारी दी जाएगी. कार्यशाला सुबह 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी. कार्यशाला का आयोजन आम महोत्सव एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत किया जा रहा है. उद्यानिकी किसानों से कार्यशाला में भाग लेने की अपील की गई है.

### समीक्षा का स्टाफ नर्स में चयन



**रीवा,** होनहार बिरवान के होत चिकने बात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए श्रीमंत राजमाता विजया राजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी में स्टाफ नर्स के रूप में समीक्षा मिश्रा पिता चंद्रमणि मिश्रा का चयन हुआ है. लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा भोपाल द्वारा जारी प्रदेश स्तरीय सूची में 12 स्टाफ नर्स की नियुक्ति की गई, जिसमें जवा ओवरी से समीक्षा मिश्रा और सिरमौर से रेखा कुशवाहा का चयन हुआ है. समीक्षा पूर्व कुलपति डा. रहस्यमणि मिश्रा की भतीजी है. इस सफलता पर शिवप्रसाद मिश्र बाबा, राममणि मिश्रा, सूर्यांश मिश्रा, राज नारायण मिश्रा, विनोद कुमार दुबे, सूर्यकांत मिश्रा, महिमा मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है. समीक्षा ने श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय से बीएससी नर्सिंग की थी.

# नीट परीक्षा में जैमर और सीसीटीवी कैमरे के साथ सुरक्षा की व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि नीट परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का कठोरता से पालन करते हुए सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें.**



प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी और नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं. परीक्षा केन्द्र के बाहर पुलिस और होमगार्ड्स द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी. परीक्षा केन्द्र के अंदर सुरक्षा एजेंसी द्वारा जैमर तथा सीसीटीवी कैमरे लगाकर व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी. सभी केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संचालन के लिए सुचारू व्यवस्था की हिदायत दे दें. पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराएं. कलेक्टर ने कहा कि नीट परीक्षा व्यवस्था में समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बना दिया गया है. व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारी कंट्रोल रूम से संपर्क में रहें. सभी अधिकारी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें. रीवा में बैंक से प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्र तक ले जाने के लिए प्रत्येक केन्द्र के लिए अलग-अलग वाहन तैनात कर दिया है. प्रश्नपत्र सुरक्षा बलों की निगरानी में परीक्षा केन्द्र तक जाएंगे. पुलिस अधिकारी सुरक्षा एजेंसी से समन्वय बनाकर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें. विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए. विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र में पानी, नाश्ते आदि की व्यवस्था कराएं. विद्यार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के बैठने के लिए भी व्यवस्था करें. बैठक में डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया, होमगार्ड्स के अधिकारी, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय, सुरक्षा एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### परीक्षा केन्द्रों में तैनात होंगी महिला सुरक्षाकर्मी

बैठक में पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए 21 जून को यातायात व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन के लिए पूरा प्लान बना दिया गया है. पुलिस और होमगार्ड्स के अधिकारी और जवान सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगी. सभी नोडल अधिकारी पुलिस अधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहें. बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने नीट परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी.

# अपेक्स बैंक के प्रशासक ने रोपे पौधे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी केन्द्रीय बैंक अपेक्स बैंक के प्रदेश प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव ने रीवा जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान बैंक के कार्यों की समीक्षा की.**



प्रशासक श्री यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रीवा के परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आम के पौधे रोपित किए. इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है. हर व्यक्ति हर वर्ष कम से कम पाँच पौधे रोपित कर उनकी सुरक्षा करे. सभी सहकारी समितियों के कार्यालय में समारोह पूर्वक पौधे रोपित कराएं. प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश को हरा-भरा बनाने के संकल्प को पूरा करने में हर व्यक्ति अपना योगदान दे. इस अवसर पर कर्मचारियों ने स्वागत किया.

### सार्वजनिक प्रकाशन 27 को

**रीवा, 17 जून,** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है. अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे. दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा. फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा.

# बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेगी कोई भी सिरप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, कफ शिरफ़ की आड़ में बढ़ते नशे को देखते हुए केंद्र सरकार ने सर्दी-खांसी के कफ सिरप समेत सिरप आधारित दवाओं की बिक्री पर शिकंजा कस दिया है.**

नए प्रावधानों के तहत ऐसी दवाओं को बिना डॉक्टर की पर्ची के बेचने की छूट देशभर में खत्म कर दी गई है. सिरप अब ओवर-द-काउंटर दवाओं की श्रेणी में नहीं रहेंगे और उनकी बिक्री पर सख्त नियामकीय नियंत्रण लागू होगा. यह कदम ऐसे समय आया है जब मध्यप्रदेश और राजस्थान में दूषित कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत और कफ शिरफ से बढ़ रहे नशे के मामलों ने गुणवत्ता-निगरानी को लेकर सवाल खड़े किए थे. इसके बाद सिरप निर्माण, बिक्री पर कड़े नियंत्रण की मांग तेज हो गई थी. नए नियम के तहत कफ, औषधीय सिरप खरीदने लोगों को रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर का प्रिस्क्रिप्शन दिखाना होगा.

# महिला सफाई मित्रों के लिए रखी गई स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, बुधवार को रीवा नगर निगम के टाउन हॉल में महिला सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी सावधानियों पर एक दिवसीय कार्यशाला रखी गई.**

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम रीवा के उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. साथ ही उन्होंने उपस्थित महिला सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा स्वच्छ शहर निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि नगर निगम के सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं.

स्वस्थ एवं जागरूक सफाई मित्र ही बेहतर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं. यदि सफाई मित्र स्वस्थ रहेंगे तो उनकी कार्य क्षमता बढ़ेगी और स्वच्छता संबंधी कार्यों का निष्पादन भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा. उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से सीधे जुड़े हुए हैं.

# पीएम स्वनिधि योजना के लिए शहर में विशेष शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, नगर पालिक निगम रीवा द्वारा "लोक कल्याण मेला" के तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत चारों जोनों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है.**



अभियान की निरंतरता में 17 जून को आयोजित शिविरों में चारों जोनों से कुल 184 आवेदन प्राप्त हुए. इस दौरान उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने चारों जोनों में संचालित विशेष शिविरों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र पथ विक्रेताओं तक पहुंच बनाकर उन्हें योजना की जानकारी दें एवं शिविरों में लाकर योजना से लाभान्वित कराएं. उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र पथ विक्रेता तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए. शिविरों के दौरान जोन क्र. 01 में 48, जोन क्र. 02 में 38, जोन क्र. 03 में 55 एवं जोन क्र. 04 में 43 अर्थात कुल 184 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक के ऋण तथा क्रेडिट कार्ड संबंधी आवेदन शामिल हैं. 18 जून को भी जोन क्रमांक 01 में निपनिया चैराहा, जोन क्रमांक 02 में सिरमौर चैराहा हॉकर्स कॉर्नर, जोन क्रमांक 03 में शिल्पी कुंज के पास, समान तिराहा में एवं जोन क्र. 04 धोबिया टंकी में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा.

# बाल सुधार गृह से रिहाई के लिए पैसे मांगने का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, रीवा से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां बाल सुधार गृह में जमानत मिलने के बाद भी एक नाबालिग की रिहाई को लेकर रिश्वत मांगने के आरोप लगे हैं.**

परिजनों का आरोप है कि कर्मचारियों ने 1500 रुपये की मांग की और पैसे नहीं देने पर बच्चे को घंटों तक नहीं छोड़ा. मामला तब तूल पकड़ गया जब इसका वीडियो सामने आया.रीवा के बाल संप्रेक्षण गृह में कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है. पीड़ित पिता नरेंद्र दाहिया का आरोप है कि उनके 16 वर्षीय बेटे को न्यायालय से जमानत मिलने के बावजूद रिहा नहीं किया गया. परिजनों के मुताबिक कर्मचारियों ने बच्चे को छोड़ने के एवज में 1500 रुपये की मांग की. पैसे नहीं होने की बात कहने पर परिजनों को घंटों तक परेशान किया गया.बताया जा रहा है कि शाम से रात तक परिजन बच्चे की रिहाई के लिए गुहार लगाते रहे.

इसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया. वीडियो में परिजन कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाते दिखाई दे रहे हैं. आरोप है कि मीडिया के पहुंचने और कैमरा चालू होने के बाद कर्मचारियों ने बिना किसी राशि लिए किशोर को रिहा कर दिया. स्थानीय लोगों ने भी संस्थान में अव्यवस्थाओं और अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं. फिलहाल इस पूरे मामले में अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है.

# कट्टा लहराते युवक का वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जून, जिले में इस समय हथियारों का प्रदर्शन आम बात हो गई है. समान थाना क्षेत्र अन्तर्गत संजय नगर में एक युवक का वीडियो देशी कट्टा लहराते हुए वायरल हुआ है. युवक हाथ में कट्टा लेकर लहरा रहा था.**

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है. दरअसल वीडियो कालिंग के दौरान युवक ने कट्टा दिखाते हुए वीडियो कालिंग कराई और उसके बाद सोशल मीडिया में अपलोड़ कर दिया. दोस्तो के बीच रौब दिखाने और भौकाल बनाने के उद्देश्य से वीडियो बनाया गया. वीडियो सामने आने के बाद समान पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. जल्द ही युवक को गिरफ्तार किया जाएगा.